पूरे विश्व में भारतीय प्रवासियों की उपस्थिति से विश्व में भारत का दर्जा ऊँचा हुआ है - लोक सभा अध्यक्ष

कैंप ऑकलैंड, 18 सितम्बर, 2016 : आज ऑकलैंड में भारतीय समुदाय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने कहा कि कि पूरे विश्व में भारतीय प्रवासियों की उपस्थिति से विश्व में भारत का दर्जा ऊँचा हुआ है, श्रीमती महाजन ने कहा कि भारत अपने क्षेत्र में ही सीमित नहीं है बल्कि विश्व के प्रत्येक भाग में रह रहे हरेक भारतीय के मन में देशभक्ति और भारतीयता की भावना मौजूद है। उन्होंने कहा कि भारतीय वैश्वीकृत जगत की जरूरतों के कारण विश्व के विभिन्न भागों में जा बसे हैं। जब भी वे विदेश चले जाते हैं तो वे भले ही किसी भी परिस्थिति में विदेश गए हों, समय और दूरी का अंतर होते हुए भी भारत के लिए उनका प्यार कम नहीं होता। उन्होंने इस बात की सराहना की कि विदेशों में बसा प्रत्येक भारतीय भारत का दूत है जो बहुत सक्रियता से भारत की असाधारण संस्कृति और सभ्यता के मूल्यों का प्रचार प्रसार कर रहा है।

श्रीमती सुमित्रा महाजन ने यह भी कहा कि भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच दीर्घकालिक मैत्रीपूर्ण और घनिष्ठ संबंध रहे हैं। दोनों देशों की भाषा, रीति-रिवाज़ की विरासत, साझे मूल्य हैं और दोनों देशों की जनता के बीच संबंधों का लंबा इतिहास है। बल्कि दोनों देशों के बीच संबंध 1890 के दशक के दौरान स्थापित हुए जब पंजाब और गुजरात से पहली बार प्रवासी भारतीय न्यूज़ीलैंड गए। आज न्यूज़ीलैंड भारतीय छात्रों के बीच बहुत लोकप्रिय है।

न्यूज़ीलैंड में भारतीयों द्वारा निभाई जा रही सार्थक भूमिका का उल्लेख करते हुए श्रीमती महाजन ने कहा कि वे भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच सदियों पुराने संबंधों को मजबूत करने के

लिए एक सेतु का कार्य कर रहे हैं। 'वसुधैव कुटुम्बकम' के शाश्वत विचार में भारतीय प्रवासियों के दृढ़ विश्वास से उन्हें अपनी जन्मभूमि और कर्मभूमि के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के बीच तालमेल बनाने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने न्यूज़ीलैंड में बसे हुए सभी भारतीयों से आग्रह किया कि वे अपनी सभी रचनात्मक शक्तियां भारत और न्यूज़ीलैंड के संबंधों को और मजबूत करने में लगाएं और इस प्रकार विश्व में दोनों देशों के बीच अधिक सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।